Chapter- 17

# दीपावली

## STUDY NOTES

भारत के सबसे बड़े और सबसे अधिक लोकप्रिय त्योहारों में से एक दीपावली है। यह कार्तिक मास की अमावस को मनाया जाता है। दीपावली दीपों का त्योहार है। इस दिन हर कोई अपने घर को दीपक की रोशनी से रोशन करता है। इस त्योहार को हम दीपों की पक्तियों का पर्व भी कहते हैं। इस पर्व में बच्चे हो या बूढ़े हर कोई इस त्योहर की खुशी के रंग में रंग जाता है। इस पर्व पर हर घर में नए कपड़े, पटाखे , अलग अलग तरह के सुस्वाष्टि पकवान तथा मिठाइयों से भर जाता है। इस त्योहार में घर के आँगन में सुंदर रंगोली बनाकर सजाया जाता है। इस त्योहार पर हर घर दीयों से जगमगा उठते है। यह भाईचारा, आपसी प्यार तथा आदान प्रदान का अनोखा पर्व माना गया है। दीपावली के शुभ पर्व पर मा लक्ष्मी की पूजा की जाती है। जैसा की हम जानते हैं आजकल पर्यावरण प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन गई है। इस वजह से हमें हमारे विद्यालय में प्रदुषण रहित दीपावली पालन का उपाय बताया जाता है जैसे की हम बच्चे पटाखे की जगह दीप जलाकर तथा मिठाईयाँ बाँटकर। दीपावली मना सकें।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित

निम्नलिखत प्रश्नों के उत्तर लिखें।

१. दीपावली का पर्व कब मनाया जाता है?

उ- दीपावली का पर्व कार्तिक माह के अमावस को मनाया जाता है।

२. दीपावली पर्व पर किनकी धूम होती है?

उ- दीपावली पर्व पर नए कपड़े, पटाखे और मिठाईयों की खुब धूम होती है।

३. दीपावली पर्व पर किन वस्तुओं का आदान प्रदान होता है?

उ- दीपावली पर्व पर मिठाइयाँ, मेवे, नमकिन आदि का आदान -प्रदान होता है।

४. आजकल बच्चे किस प्रकार की दीपावली मनाते हैं ?

उ- आजकल बच्चे प्रदूषण रहित दीपावली मनाते हैं।

**अत्तिरिक्त प्रश्नोत्तर**

१. दीपावली पर्व का दूसरा नाम क्या है ?
   उ-दीपो की पंक्तियों का पर्व या रोशनी का त्योहार।
२. रंगोली कहाँ बनाई जाती है ?
   उ- रंगोली घर के आँगन के बिचोबिच बनाई जाती है।
३. दीपावली कैसा त्योहार है ?
   उ-दीपावली मित्रता, स्वच्छता, भाईचारा, एकता और सुख समृद्धि का त्योहार है।

**दीपावली**

नए शब्द तथा उनके अर्थ

हर्ष- खुशी

उल्लास-आनंद

प्रिय-पंसदीदा

धूम-जोरो पर

रंगवल्ली- रंगोली

अतिशबाजी- पटाखे चलाना

आदान-प्रदान-लेन-देन

पर्यावरण-वातावरण

समस्या-मुसीबत

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

तरीका-उपाय

प्रसंसनीय-तारीफ करना

स्वच्छता–साफ-सफाई

सुख-समृद्धि- बढ़ोतरी

**मौखिक**

**श्रुतलेख एरां उच्चारण अभ्यास-**

हर्ष

उल्लास

पर्यावरण

प्रदूषण

कार्त्तिक

रंगवल्ली

स्वच्छता-

सुख-समृद्धि

कम से कम शब्दों में उत्तर बताइए-

क) -दीपों की पंक्तियों का पर्व क्या कहलाता है ?

उ- दीपों की पक्तियों का पर्व दीपावली कहलाता है।

ख) दीपावली के शुभ अवसर पर किसका पूजन होता है ?

उ-दीपावली के शुभ अवसर पर लक्ष्मी पूजन होता है।

ग) आजकल किसकी समस्या है ?

उ- आजकल पर्यावरण प्रदूषण की समस्या है ?

घ)पाठशाला में क्या बताया जाता है ?

उ-पाठशाला में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का तरीका बताया जाता है।

**लिखित**

रिक्त स्थान भरिए-

क)भारतवर्ष में दीपावलि पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

ख) घर के आँगन में रंगवल्ली के साथ दीप जगमगा उठते हैं।

ग) दीपावली पर्व पर लक्ष्मी जी का पूजन होता है।

घ) दीपावली मित्रता , स्वच्छता और सुख –समृद्धि का पर्व है।

**दिए गए शब्दों से छोटे –छोटे वाक्य बनाकर लिखिए-**

क) सोना - सोना पीला होता है।

ख) दिवाली -दिवाली में हम नए कपड़े पहनते हैं।

ग) चाँदी–माँ ने चाँदी का पायल पहना है।

घ) नमकीन-हमारे घर में आज नमकीन बनेगा।

ङ) खीर– खीर में मेवे डालते हैं।

च) मित्र- मित्र सुख दुख के साथी हैं।

## भाषा-ज्ञान

निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर अलग – अलग लिखिए।

पुलिंग- बंदर जेठ बुध रूस

स्त्रीलिंग- भारत माता भाभी शेरनी यमुना तमिल कृतिका

| एक | अनेक |
|---|---|
| पेड़ | लड़के |
| गुलाब | कपड़े |
| कलम | पटाखे |
| बात | किताबें |
| अलमारी | बच्चे |
| पाठशाला | मिठाइयाँ |
| दीपक | रातें |
| सूरज | |

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

◆◆◆